# Assignment

# Std 3; Hindi

## पाठ- 10 ; अनोखी चिड़िया

***इन्हें हिंदी कॉपी में लिखो-**

पाठ-10 अनोखी चिड़िया

प्रश्न- उत्तर (मौखिक)

क डाक से किसका पत्र आया?

उत्तर डाक से राजन चाचा का पत्र आया।

ख रानी की रुचि किसमें थी?

उत्तर रानी की रुचि 'पिक्चर पोस्टकार्ड' सँभालकर रखने में थी।

ग कीवी कहाँ का राष्ट्रीय पक्षी है?

उत्तर कीवी न्यूज़ीलैंड का राष्ट्रीय पक्षी है।

घ न्यूज़ीलैंड के निवासियों को किस नाम से पुकारा जाता है?

उत्तर न्यूज़ीलैंड के निवासियों को 'कीवी' के नाम से पुकारा जाता है।

ङ कीवी का स्वभाव कैसा होता है?

उत्तर कीवी शर्मीले स्वभाव की चिड़िया है।

प्रश्न- उत्तर (लिखित) -

क कीवी की तसवीर देखकर मोहित ने पापा से क्या पूछा?

उत्तर कीवी की तसवीर देखकर मोहित ने पापा से पूछा कि यह कौन सी चिड़िया है।

ख कीवी की शारीरिक बनावट कैसी होती है? तीन-चार वाक्य में लिखो।

उत्तर कीवी का शरीर गोल-मटोल होता है। पूरा शरीर भूरे रंग के पंखों से ढका रहता है। चोंच लंबी और पैनी होती है। टाँगे छोटी होती हैं और पूँछ गायब होती है।

ग कीवी कहाँ रहती है और क्या-क्या खाती है?

उत्तर कीवी घने जंगलों में रहती है। वह केचुए, कीड़े-मकोड़े और कंद-मूल खाती है।

घ ऐसे पक्षियों के नाम लिखो जो उड़ नहीं सकते और बताओ कि वे कहाँ पाए जाते हैं?

उत्तर कीवी, एमू और रिया उड़ नहीं सकतीं। ये न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में पाई जाती हैं।